# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत परीक्षा, जून -2017

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : बी.एड. |
| अध्ययन सत्र | : 2015-17 (चतुर्थ सेमेस्टर) |
| प्रश्न-पत्र सं. | : 01 |
| प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) | : शैक्षिक तकनीकी (041) |
| Name of Paper (in English) | : Educational Technology (041) |

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01: संप्रत्यय उपलब्धि प्रतिमान का प्रतिपादन किसने किया –

(क) डेविड आसूबेल

(ख) जे.एस. ब्रूनर

(ग) फ्लैंडर्स

(घ) हायमान

प्रश्न 02: मेथेटिक्स अभिकरण का नाम यूनानी भाषा के शब्द “मैथीन” के आधार पर किया गया है जिसका का अर्थ होता है –

(क) खेलना

(ख) सीखना

(ग) गणित

(घ) अभिप्रेरणा

प्रश्न 03: देश का प्रथम खुला विश्वविद्यालय कहाँ खोला गया –

(क) नई दिल्ली

(ख) हरियाणा

(ग) आंध्र प्रदेश

(घ) कर्नाटक

प्रश्न 04: सूक्ष्म शिक्षण मुख्य रूप से किस के अंतर्गत आता है –

(क) शिक्षण तकनीकी

(ख) व्यवहार तकनीकी

(ग) शैक्षिक तकनीकी

(घ) शिक्षा में तकनीकी

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05: स्व अधिगम का उदाहरण नहीं है –

(क) कम्प्युटर असिस्टेड लर्निंग

(ख) कक्षा में पढ़ना

(ग) यू ट्यूब से पढ़ना

(घ) वेब की सहायता से पढ़ना

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**(किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05×03=15)**

प्रश्न 06: शैक्षिक तकनीकी के घटकों को समझाइए।

प्रश्न 07 : व्यवहार तकनीकी की विशेषताओं को लिखिए।

प्रश्न 08 : कठोर एवं मृदु शिल्प उपागम में अंतर बताइए।

प्रश्न 09 : संप्रेषण में आने वाली विभिन्न बाधाओं को लिखिए।

प्रश्न 10 : टेलीकान्फ्रेंसिंग की शैक्षिक उपयोगिता का वर्णन कीजिए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**(किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) ( अंक 15×03=45)**

प्रश्न 11: विकासात्मक प्रतिमान क्या है ? इसके विभिन्न सोपानों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 12: अनुक्रणीय सामाजिक कौशल प्रशिक्षण से आप क्या समझते है ? इसकी विशेषताएँ बताइये।

प्रश्न 13 : शाखीय अभिक्रमित अनुदेशन क्या है ? इसकी क्या सीमाएं है।

प्रश्न 14 : अनुदेशन की कौन-कौन सी युक्तियाँ है।

प्रश्न 15 : शैक्षिक तकनीकी का अर्थ, क्षेत्र एवं महत्व बताइए।

❖❖❖

**› महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**दूर शिक्षा निदेशालय**

**सत्रांत परीक्षा जून -2017**

| | | |
|---|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : | बी.एड. |
| अध्ययन सत्र | : | (2015-17) चतुर्थ सेमेस्टर |
| प्रश्न-पत्र सं. | : | 02 |
| प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) | : | शैक्षिक निर्देशन एवं परामर्श (042) |
| Name of Paper (in English) | : | Educational Guidance and Counseling (042) |

समयावधि : **03** घंटे     पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 1 आधुनिक काल में निर्देशन का जन्म स्थान शहर माना जाता है –

(क) संयुक्त राज्य अमेरिका

(ख) फ्रांस

(ग) इंग्लैंड

(घ) जर्मनी

प्रश्न 2 किसी बच्चे की वास्तविक उम्र 16 वर्ष है और उसकी मानसिक उम्र 20 वर्ष है, उसकी बुद्धिलब्धि होगी –

(क) 80

(ख) 90

(ग) 125

(घ) 110

प्रश्न 3 मैस्लो का आवश्यकता अनुक्रम सिद्धान्त में आवश्यकता की श्रेणियां हैं –

(क) 4

(ख) 5

(ग) 3

(घ) 6

प्रश्न 4 साक्षात्कार व्यक्ति मापन की विधि है –

(क) व्यक्तिनिष्ठ विधि

(ख) वस्तुनिष्ठ विधि

(ग) प्रक्षेपी विधि

(घ) इनमें से कोई नही

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 5 यूनान में निर्देशन का प्रारम्भ किसके समय से माना जाता है ?

(क) अरस्तू

(ख) सुकरात

(ग) पारसन्स

(घ) प्लेटो

## लघु उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 1 निर्देशन के कार्य बताइये।

प्रश्न 2 निर्देशन के सिद्धान्त कौन –कौन से हैं ?

प्रश्न 3 व्यक्तित्व परीक्षण को कितने भागों में बांटा गया है ?

प्रश्न 4 कर्मचारी चयन की विधियाँ बताइये

प्रश्न 5 परामर्श की प्रकृति बताइये।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 1 अभियोग्यता परीक्षण से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 2 व्यवसायिक विकास उपागम की व्याख्या कीजिये।

प्रश्न 3 समायोजन से आप क्या समझते हैं ? एक भली-भाँति समायोजित व्यक्ति की विशेषताएँ बताइये।

प्रश्न 4 विद्यालय में मार्गदर्शन एवं परामर्श सेवा के उद्देश्य स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 5 विशिष्ट बच्चों के लिए परामर्श की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।

❖❖❖

› **महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**दूर शिक्षा निदेशालय**

**सत्रांत परीक्षा जून -2017**

पाठ्यक्रम का नाम : बी.एड.

अध्ययन सत्र : (2015-17) चतुर्थ सेमेस्टर

प्रश्न-पत्र सं. : 03

प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) : ज्ञान एवं पाठ्यचर्या (043)

Name of Paper (in English) : Knowledge and Curriculum (043)

समयावधि : **03** घंटे | पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 1 'एमिल' पुस्तक के लेखक हैं –

(क) सुकरात

(ख) प्लेटो

(ग) अरस्तु

(घ) रूसो

प्रश्न 2 श्रम विभाजन का सिद्धांत दिया –

(क) कार्ल मार्क्स

(ख) दुर्खीम

(ग) मैक्स वेबर

(घ) लेजली पाल

प्रश्न 3 शांति निकेतन की स्थापना की –

(क) रवीन्द्र नाथ टैगोर

(ख) जे. कृष्णा मूर्ति

(ग) महात्मा गांधी

(घ) राजा राम मोहन राय

प्रश्न 4 "पाठ्यक्रम" शब्द भाषा से लिया गया है –

(क) ग्रीक

(ख) उर्दू

(ग) लैटिन

(घ) फारसी

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 5 “ लोक तंत्र की व्यवस्था में सरकार जनता से, जनता के लिए, जनता के द्वारा होती है।” कहा –

(क) कार्ल मार्क्स

(ख) दुर्खीम

(ग) मैक्स वेबर

(घ) अब्राहम लिंकन

## लघु उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 1 अध्यापन एवं प्रशिक्षण में अंतर स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 2 संस्कृति से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 3 पाठ्यचर्या के महत्व को बताइये।

प्रश्न 4 विद्यालय में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 5 पाठ्यक्रम निर्माण में हमें किन –किन बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिये

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न्

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 1 महात्मा गांधी के शैक्षिक विचारों को स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 2 औद्योगीकरण के विभिन्न सिद्धांतों का वर्णन कीजिये।

प्रश्न 3 समय सारिणी किसे कहते हैं ? एक आदर्श समय सारिणी बनाने में किन-किन बिन्दुओं पर ध्यान देना आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 4 पाठ्यचर्या किसे कहते हैं और कितने प्रकार की होती है ? व्याख्या कीजिये।

प्रश्न 5 समाज एवं शिक्षा एक दूसरे में अंतरनिहित है। स्पष्ट कीजिये।

❖❖❖

› **महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**दूर शिक्षा निदेशालय**

**सत्रांत परीक्षा जून -2017**

| | | |
|---|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : | बी.एड. |
| अध्ययन सत्र | : | **2015-17 (चतुर्थ सेमेस्टर)** |
| प्रश्न-पत्र सं. | : | 04 |
| प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) | : | पर्यावरण शिक्षा (044) |
| Name of Paper (in English) | : | Environmental Education (044) |

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 :''पर्यावरण उन समस्त, दशाओं का योग है जिसमें जीव विकास करता है।'' किसने कहा है?

(क) सी. सी. पार्क

(ख) ए. जी. टॉसले

(ग) ब्रुक एडमस

(घ) जेम्स लुंडे

प्रश्न 02 : पर्यावरण समस्या के कारण है।

(क) प्रदूषण

(ख) संसाधनों का अत्याधिक दोहन

(ग) जनसंख्या वृद्धि

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 03 : भारतीय संविधान के किस संशोधन में यह व्यवस्था की गई कि 'राज्य पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का प्रयास करेगा।'

(क) 53 वें

(ख) 57 वें

(ग) 52 वें

(घ) 56 वें

प्रश्न 04 : पर्यावरण किन दो शब्दों से मिलकर बना है ?

(क) परि+आवरण

(ख) परि+अरण

(ग) पर्य+अरण

(घ) पर+आवरण

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : निम्न में कौन-सा अजैविक तत्व है।

(क) मनुष्य

(ख) जन्तु

(ग) पौधे

(घ) मृदीय तत्व

## लघु उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : पर्यावरण के घटक स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 07 : प्रदूषण के प्रकार बताइए।

प्रश्न 08 : ग्रीन हाऊस प्रभाव क्या है?

प्रश्न 09 : शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता कैसे लाई जा सकती है?

प्रश्न 10 : पर्यावरण क्लब क्या है?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : पर्यावरण शिक्षा के उद्देश्य एवं महत्व को स्पष्ट करें।

प्रश्न 12 : पर्यावरण शिक्षा के प्रसार में जनसंचार एवं चलचित्र की भूमिका स्पष्ट करें।

प्रश्न 13 : पर्यावरण जागरूकता में अध्यापक के उत्तरदायित्वों को बताइए।

प्रश्न 14 : वनोंमूलन के प्रमुख कारण क्या है? पर्यावरण पर इसके प्रभाव की व्याख्या करें।

प्रश्न 15 : पर्यावरण शिक्षा को प्रभावित करने वाले कारण बताइए।

❖❖❖

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत परीक्षा, जून 2017

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : बी.एड. |
| अध्ययन सत्र | : 2015-17 (चतुर्थ सेमेस्टर) |
| प्रश्न-पत्र सं. | : 05 |
| प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) | : जेंडर, विद्यालय एवं समाज (045) |
| Name of Paper (in English) | : Gender, School and Society (045) |

समयावधि : **03** घंटे — पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : वैश्विक महिला दिवस कब मनाया जाता है ?

(क) 02 अक्टुबर

(ख) 08 मार्च

(ग) 10 मार्च

(घ) 14 नवंबर

प्रश्न 02 : ग्रीक विचारक पाइथागोरस ने कौन से शब्दों का प्रयोग संज्ञा वर्गीकरण के सन्दर्भ में किया है?

(क) स्त्रीत्व

(ख) पुरुषत्व

(ग) न्यूट्रल

(घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 03 : प्रथम अखिल भारतीय नारी संम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ ?

(क) 1926

(ख) 1927

(ग) 1928

(घ) 1929

प्रश्न 04 : मागरिड मीड की बहुचर्चित पुस्तक कौन सी है ?

(क) शिक्षा में जेंडर विमर्श

(ख) कमिंग ऑफ़ एज इन सामओया

(ग) मानवाधिकार, जेंडर एवं पर्यावरण

(घ) सेकण्ड सेक्स

*प्रश्न जारी ...⟹*

प्रश्न 05 : जेंडर रुढ़िवाद को प्रभावित करने वाले कारक कौन से है ?

(क) परिवार

(ख) समुदाय

(ग) शिक्षा

(घ) उपरोक्त सभी

## लघु उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 3 = 15)

प्रश्न 06 : स्त्रीवादी शिक्षणशास्त्र से आप क्या समझते है ?

प्रश्न 07 : स्त्रीत्व एवं पुरुषत्व केविशेषक बताइये।

प्रश्न 08 : जेंडर (Gender) से आप क्या समझते है ?

प्रश्न 09 : समाजवादी नारीवाद की अवधारणा बताइये।

प्रश्न 10 : जेंडर आधारित समाजीकरण की प्रक्रिया में सामाजिक संगठन की भूमिका स्पष्ट कीजिए ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 = 45)

प्रश्न 11: भारत में महिलाओं के शैक्षिक विकास का समीक्षात्मक विवेचन कीजिए।

प्रश्न 12 : जेंडर समानता विकास के लिए आप कौन-कौन सी गतिविधियाँ आयोजित करेंगे ?

प्रश्न 13 : भारत में महिलाओं के शैक्षिक विकास में मीडिया एवं जनसंचार के विभिन्न साधनों द्वारा किये गए प्रयासों की समीक्षा कीजिए।

प्रश्न 14 : पितृसत्ता से आप क्या समझते हैं ? आज के वर्तमान समाज में पितृसत्ता की भूमिका विश्लेषित कीजिए।

प्रश्न 15 : उग्र नारीवाद (रेडिकल नारीवाद) की अवधारणा बताते हुए वर्तमान सन्दर्भ में उसकी समीक्षा कीजिए।

❖❖❖